Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-05-2006

Participants : Tripathi Shri Chandramani

>

Title : Need to set up industries based on Manganese/Silica sand in Reewa Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री चन्द्र मणि त्रिपाठी (रीवा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा मध्य प्रदेश सेमरिया में मेंगनीज का प्रचुर भंडार है। जिसका भारी पैमाने पर अवेघ उत्खनन कर बिहार और झारखंड ले जाया जाता हे। अगर भारत सरकार वहां पर सेमरिया के आसपास मेंगनीज से संबंधित कारखाना लगाने की दिशा में पहल करे तो न केवल रीवा संसदीय क्षेत्र अपितु रीवा संभाग की बेरोजगारी दूर हो सकती है और जो बेरोजगार गुमराह हो रहे हैं, उनको रचनात्मक दिशा में मोड़ा जा सकता है। इसी प्रकार डमौरा के पास सिल्का सैन्ड की प्रचुरता है। वहां स्लेट बनाने का कारखाना लगाया जा सकता है। अकेले रीवा जिले में चूने के पत्थर का भंडार होने से 2 सीमेंट फैक्ट्रियां लगी हुयी हैं, जो न केवल काफी लाभ कमा रही हैं बल्कि रीवा के औद्योगिक विकास में भी योगदान दे रही है।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इस दिशा में सार्थक एवं ठोस कदम उठाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कट करें।